राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर, उ.प्र.-233001

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, बेंगलुरू द्वारा B++ ग्रेड से प्रत्यायित)

कार्यालय : 0548-2220363 आवास : 0548-2220839
मोबाइल : ....

Website : www.gwpgc.ac.in
E-mail : ggpgc09@gmail.com, FAX : 0548-2220363

संगोष्ठी - नई शिक्षा नीति 2020 : संभावनायें, चुनौतियाँ एवं क्रियान्वयन

रिपोर्ट दिनांक - 08.06.2022

राजकीय महिला पीजी कॉलेज गाजीपुर के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की ओर से 'नई शिक्षा नीति:2020- संभावनाएं, चुनौतियां एवं क्रियान्वयन' पर डा० दीप्ति सिंह के समन्वयन में दो दिवसीय ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन 7 एवं 8 जून 2022 को किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय नीति आयोग के उपाध्यक्ष एवं भारत सरकार के प्रमुख सलाहकार आदरणीय डा० राजीव कुमार जी रहे। आपने नई शिक्षा नीति 2020 को सही मायनों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति बताया।

आपके अनुसार नई पीढ़ी को हर ढंग से सक्षम बनाना बहुत जरूरी है। इसके बिना राष्ट्र आगे नहीं बढ़ सकता है। इस काम में शिक्षक, शिक्षार्थी एवं शिक्षण संस्थान तीनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। वर्तमान शिक्षा नीति लचीली, स्वायत्तता, गुणवत्ता को बढ़ाने वाली है। आज आवश्यकता है कि हम भारतीय शिक्षा को निरंतरता के साथ वैश्विक बनाए। भारत को विश्व गुरु बनने के लिए अभी शिक्षा क्षेत्र में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। हमने प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा का विस्तार कर लिया है। परंतु अभी उच्च शिक्षा में नामांकन की दर में हम बहुत पीछे है। शिक्षा में विस्तार के साथ साथ हमें हर क्षेत्र में गुणवत्ता पर भी ध्यान देना है। भारतीय महाविद्यालयों से निकले छात्रों की रोजगार क्षमता बहुत कम है।

उन्होंने इस बात की आवश्यकता पर बल दिया कि आप सभी इस बात पर मंथन करें कि अपने शिक्षक, शिक्षार्थियों एवं स्कूल की गुणवत्ता कैसे बढ़ा सकते हैं। सभी विषयों को पढ़ाने की बजाय कुछ विषयों के विशेषीकरण पर जोर दें। शिक्षकों को आधुनिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं। विद्यालयों को अपने स्थानीय ज्ञान, संस्कृति एवं परंपरा को शिक्षा से जुड़ना होगा, तभी वह सार्थक होगा। प्रत्येक विद्यार्थी को किसी ने किसी कौशल में दक्ष अवश्य होना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि स्थानीय स्तर पर महाविद्यालय अपने समाज से जुड़े ज्ञान का उपयोग कर समाज की समस्याओं का समाधान करें। वर्तमान शिक्षा नीति चरित्र निर्माण पर अधिक बल देती है। अगर शिक्षक ईश्वर का दर्जा प्राप्त करना चाहते हैं तो अपने व्यवहार में गुरुता लाएं तभी उन्हें समाज में सम्मान मिल पाएगा।

इसके पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य डॉ सविता भारद्वाज ने करते हुए कहा कि अपने बीच मशहूर अर्थशास्त्री, वैश्विक स्तर के सलाहकार को पाकर यह महाविद्यालय पुलकित है। आप की प्रेरणा से हम नई शिक्षा नीति को अपने महाविद्यालय के स्तर पर क्रियान्वयन करने का पूर्ण प्रयास करेंगे तथा शासन एवं देश की आकांक्षाओं के अनुरूप अपने महाविद्यालय, शिक्षकों, विद्यार्थियों को अधुनातन रूप में दक्ष करेंगे, ऐसा मुझे विश्वास है। कार्यक्रम का संचालन आई क्यू ए सी प्रकोष्ठ की ओर से डॉ दीप्ति सिंह ने किया। तकनीकी सहयोग डॉ संतन कुमार, मीडिया प्रबंधन डॉ शिव कुमार का रहा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण एवं सुधी छात्राएं उपस्थित रहे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विविध आयामों पर एक विशेष व्याख्यान डॉ बी एन पाण्डेय जी द्वारा दिया गया, जिसका अगला भाग कल भी जारी रहेगा।

Chairman
Internal Quality Assurance Cell
Rajkiya Mahila P.G. College
Ghazipur (U.P.)

प्राचार्य
राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गाजीपुर-233001